दिल्ली हाई कोर्ट का निर्णय

# सेवा समाप्ति अवैध है तो पिछले समस्त वेतन सहित पुनर्बहाली की पात्रता होगी

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस तुषार राव गेडेला ने मनीषा शर्मा बनाम विद्या भवन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं अन्य की याचिका में निर्णित किया है कि जब सेवासमाप्ति न्यायालय द्वारा अवैध घोषित की जाती है तो याचिकाकर्ता को पिछले समस्त वेतन सहित पुर्नस्थापन की पात्रता हैं।

याचिका के तथ्यों के अनुसार याचिकाकर्ता टीजीटी के पद पर 2008 में प्रोबेशन पर नियुक्त हुई थी तथा 2009 में स्थाई हो गई थी। 2014 में डिप्टी डायरेक्टर ने शिकायत की कि याचिकाकर्ता जब नियुक्त किया गया था तब उसके पास निर्धारित योग्यता नहीं रखती थी उसकी नियुक्ति अवैध है।

विभाग द्वारा जांच की गई और 31 अक्टूबर 2016 को सेवा से बर्खास्त कर दिया। याचिकाकर्ता ने दिल्ली शिक्षा अधिकरण में अपील प्रस्तुत की। दिल्ली शिक्षा अधिकरण ने याचिकाकर्ता की सेवासमप्ति को अनुचित एवं अवैध मानते हुए निरस्त कर पिछले समस्त वेतन सहित पुनर्बहाली के आदेश दिए।




जी. के. छिब्बर

स्कूल मैनेजमेंट ने एकल पीठ में अपील की जो निरस्त हो गई फिर डबल बेंच में याचिका प्रस्तुत की, वह भी खारिज हो गई मैनेजमेंट सुप्रीम कोर्ट गया वहां से भी एसएलपी निरस्त हो गई। स्कूल मैनेजमेंट ने याचिकाकर्ता को सेवा में 18 सितम्बर 19 को बहाल तो कर लिया परन्तु पिछले वेतन को नो वर्क नो वेजेस के कारण भुगतान नहीं किया।

याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका दायर की तो याचिकाकर्ता को 28 जुलाई 2017 से 24 अप्रैल 19 तक का ही वेतन भुगतान किया, शेष अस्वीकार कर दिया था। याचिकाकर्ता ने इस याचिका में पुन: सेवा समाप्ति दिनांक से समस्त वेतन की मांग की जिसे स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दीपाली गुड्डू बनाम के जे.एस. विद्यालय का अनुसरण करते हुए की। सेवा समाप्ति अवैध होती है तो पक्षकार पिछले समस्त वेतन की पात्रता रखता है । सिद्धांत के आधार पर आदेशित किया कि याचिकाकर्ता सेवासमप्ति दिनांक से सेवा में बहाली दिनांक 31 अक्टूबर 2016 से 28 जुलाई 2017 तक का समस्त वेतन भी भुगतान करे ।

## पौधों में निवेश करें, भावी पीढ़ी को जीवंत बनाएं: पांडेय



**भोपाल।** पर्यावरण को बचाना अंतिम खेल है! पौधों में निवेश करें और अपनी भावी पीढ़ियों को जीवंत बनाएं। पृथ्वी को बचाया, ये कहना भोपाल के साइकिलिस्ट विनोद पांडेय का जो अपने मुहिम को लेकर आगे बढ़ रहे है हमारे पर्यावरण को बचाएं! यह समय की मांग है, हमें पृथ्वी को बचाना है! जिस से कैंसर जैसी बीमारी का इलाज पेरासिटामोल लेकर नहीं किया जा सकता, उसी तरह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याओं का इलाज केवल पेड़ लगाने से नहीं होगा। ज्यादा समझदारी का दृष्टिकोण तो यह होगा कि %रोकथाम इलाज से बेहतर है। यानी हमें पर्यावरण-संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए कार्बन उत्सर्जन और संसाधनों की खपत को कम करने के व्यापक उपायों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दुनिया की ऊर्जा जरूरतों का 80प्रतिशत हिस्सा पेट्रोल, डीजल से पूरा होता है। जर्मनी के सबसे बड़े शहर बर्लिन में 78प्रतिशत लोग आने-जाने के लिए साइकिल का इस्तेमाल करते हैं। रोजाना के कुछ काम साइकिल से कर ही सकते हैं। प्रकृति से मिले हर अनमोल संसाधन का संरक्षण ही हमारी पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। हमारी की गई एक छोटी सी कोशिश भी समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करेगी।

# मानव संग्रहालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम

**भोपाल।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यूथ होस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया एवं भोपाल बर्ड्स सोसायटी के सहयोग से हम और हमारा पर्यावरण कार्यक्रम में सुबह 6.30 बजे से ट्रेकिंग के दौरान वृक्षों और पक्षियों की पहचान की जाएगी।

मानव संग्रहालय पर डूडल आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आवृति भवन में सुबह 08 बजे से होगा। इसके साथ ही स्व अमृत लाल बेगड़ के नर्मदा आधरित चित्रों की प्रदर्शनी रेवा तट से वीथी संकुल अन्तरंग प्रदर्शनी भवन में 12.30 बजे आयोजित की जाएगी। संग्रहालय के पुनित् वन कोविल काडू और आयनर देव स्थानम में भोपाल में निवासरत तमिल समुदाय के लोगो द्वारा अनुष्ठानिक कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11.30 बजे पुनीत वन में किया जायेगा। इसी दिन शाम 4 बजे से लोकेश ओहरी द्वारा शैल कला धरोहर भवन में संग्रहालय लोकरुचि ब्याखन के तहत व्याख्यान दिया जायेगा। अमृतस्य नर्मदा अतीत के पन्नो पर लिखी एक नदी की जीवन गाथा पर आधरित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति शाम 6.30 बजे से डॉ सुचित्रा हरमलकर के निर्देशन में कार्तिक कला आकादमी इंदौर के 14 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित संग्रहालयों की प्रदर्शनियों एव धरोहरों पर आधारित 'खजाने की खोज' प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में किया गया था। इस कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार, की घोषणा किया गया है जिसमें प्रथम डा. गौरव शर्मा एवं विकाश मीणा, द्वितीय आजम युसुफ एवं ऋती आजम, तृतीय अनुज जैन एवं शुबेक यादव, सांत्वना श्रीमती लीना जैन एवं अश्विनी जैन ।

# आईसेक्ट और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा आई चेकअप कैंप




भोपाल। आईसेक्ट के कॉर्पोरेट एचआर/एलएंडडी विभाग और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) द्वारा एसजीएसयू परिसर में एक सफल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आईसेक्ट और एसजीएसयू के लगभग 250 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और लाभान्वित हुए।

एएसजी अस्पताल के साथ साझेदारी में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच नेत्र स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना था।एएसजी अस्पताल की डॉ. अनुष्का ने कम उम्र से ही नेत्र देखभाल के महत्व पर एक जानकारीपूर्ण सत्र में वक्तव्य दिया। उन्होंने जीवन के शुरुआती चरणों से ही अपने बच्चों के विजन हेल्थ की निगरानी और रखरखाव में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस शैक्षिक पहल को सभी उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस आयोजन को आईसेक्ट के निदेशक और एसजीएसयू के चांसलर डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ अधिकारियों से सराहना मिली, जिन्होंने कर्मचारियों के कल्याण के लिए उनके सक्रिय दृष्टिकोण के लिए कॉर्पोरेट एचआर टीम की प्रशंसा की। उद्घाटन सत्र में कुलपति श्री अजय भूषण, रजिस्ट्रार डॉ सीतेश सिन्हा और आईबीडी के उपाध्यक्ष डॉ मुकेश शर्मा की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। एएसजी अस्पताल के जोनल बिजनेस हेड श्री राज किशोर पटेल और उनकी टीम ने व्यापक नेत्र परीक्षण किए, जिसमें आंखों के चश्मे के प्रिस्क्रिप्शन की जांच और विस्तृत नेत्र परीक्षण के लिए एआर मशीन का उपयोग करना शामिल था। शिविर में योग्य डॉक्टरों के साथ व्यक्तिगत परामर्श भी शामिल था, जिससे प्रत्येक प्रतिभागी के लिए संपूर्ण और व्यक्तिगत देखभाल सुनिश्चित हुई।

## अमेजन इन ने लॉन्च किया भारत में क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट

**भोपाल।** अमेजन इन ने आज क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट लॉन्च करने की घोषणा की। क्रिएटर यूनिवर्सिटी एक शैक्षणिक कार्यक्रम है, जिसे कंटेंट क्रिएटरों को गतिशील क्रिएटर अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए जरूरी टूल और ज्ञान से लैस करने के लिए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम विभिन्न किस्म के कंटेंट क्रिएटरों की जरूरतों पूरा करेगा, जिसमें स्थापित और आकांक्षी इन्फ्लुएंसर दोनों शामिल हैं। यह कार्यक्रम संसाधनों का क्यूरेटेड तरीके से चयन कर प्रतिभागियों को अमेज़न मार्केटप्लेस पर एक वहनीय व्यवसाय विकसित करने के लिए मौलिक ज्ञान और व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करता है। क्रिएटर कनेक्ट व्यक्तिगत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है, जिसे अमेज़न इकोसिस्टम के भीतर क्रिएटरों के लिए कनेक्शन, सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। ये कार्यक्रम दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख बिक्री और अमेजन पहलों से रणनीतिक रूप से समयबद्ध हैं। आगामी प्रमोशन के लिए उत्साह पैदा करना और अमेज़न इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम में नए क्रिएटरों को आकर्षित करना।

# स्ट्राइडर बाइक्स ने हासिल की 50 लाख साइकिल बेचने की उपलब्धि

**भोपाल।** प्रतिष्ठित टाटा समूह की अंग और वहनीय मोबिलिटी समाधान प्रदान करने में अग्रणी, स्ट्राइडर बाइक्स ने मई 2024 के दौरान 50 लाख से अधिक की वैश्विक बिक्री की उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि भारत और विदेश में ग्राहकों को नवोन्मेषी, पर्यावरण अनुकूल गतिशीलता समाधान प्रदान करने के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, स्ट्राइडर ने पूरे भारत में 4000 से अधिक खुदरा दुकानों तक अपनी उपस्थिति बढ़ाई है और अपने निर्यात परिचालन को सार्क, अफ्रीका और मध्य पूर्वी देशों तक विस्तारित किया है।

स्ट्राइडर साइकिल के बिज़नेस हेड राहुल गुप्ता ने कहा, इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, स्ट्राइडर ने विश्व साइकिल दिवस पर दो नए ई-बाइक मॉडल- ज़ीटा और ज़ीटा प्लस 700सी लॉन्च किए हैं। ये ई-बाइक सभी ग्राहकों को 20त्न तक की शुरुआती छूट पर दी जाएंगी, जिसका उद्देश्य है तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन से जूझ रही दुनिया में वहनीय जीवन को




बढ़ावा देना। ग्राहक पर ध्यान केन्द्रित करने और नवोन्मेष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, इस उल्लेखनीय उपलब्धि की हमारी यात्रा के पीछे प्रेरक शक्ति रही है। हमने शहरी, ग्रामीण केंद्रों और वैश्विक बाजारों से मज़बूत मांग दर्ज की है।नए मॉडल, ज़ीटा और ज़ीटा प्लस 700सी को वहनीय आवागमन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और बेहतर प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किया गया है। वहनीय आवागमन को और अधिक सुलभ बनाने के लिए, स्ट्राइडर दोनों मॉडलों पर शुरुआती छूट दे रहा है। ज़ीटा की कीमत सीमित अवधि के लिए 24,995 रुपये और ज़ीटा प्लस 700सी की कीमत 27,795 रुपये है।

## सूडोकु नवताल - 7086

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7085 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## काकुरो पहेली - 6765



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 6764 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8152



**बाएँ से दाएँ**

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -8151 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6583



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरूदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफजाब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6582

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | | प्या | र | ही | प्या | र |
| क्ति | | जा | न | म | | फ्ता | | सी | |
| | प | | | ज | ह | र | | शा | न |
| प्र | ति | ज्ञा | | बू | म | | उ | म | र |
| | ता | | स | र | | फू | ल | | सि |
| सा | | खौ | फ | | न | | झ | | म्हा |
| व | क्त | | र | | म | हा | न | ता | |
| न | | दी | | नौ | क | र | | ल | की |
| भा | ग्य | वा | न | | | जी | त | | म |
| दो | | ना | | स | पू | त | | भू | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6692

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | | 7 | | 2 |
| | 33 | | 34 | | 30 | |
| 5 | | 7 | 1 | 2 | | 4 |
| 4 | 30 | | 25 | | 34 | |
| 1 | | 3 | | 5 | 6 | |
| | 36 | | 34 | | 31 | 3 |
| | 6 | 5 | 4 | | 2 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6691 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7692

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | स | दौ | ल | त | की | जं | ग | ल | ल्ली | क |
| ग | क | ह | ग | ला | अ | बा | जी | ग | झ | क |
| ल | क | ल | म | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| पां | इ | ल | म | हैं | प | ल | रं | र | ला | ल |
| डे | श्क | ल | प | नु | रा | उ | गी | ण | घ | म |
| ती | दा | ल | श | सं | प | ही | ला | कौ | ला | ल |
| क | बा | या | र | गे | रा | क | प्या | या | श | गा |
| क | द | ल | गु | ला | म | स | रा | र | प | न |
| क | र | ल | प | व | जी | ना | ल | ओ | के | दों |
| क | क | ल | प | द | या | दि | व्य | व | प | या |
| जी | जिं | ल | प | रा | ख | उ | द्दा | ण | घ | म |

शब्द जाल में आमिर खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

लगान, मंगल पांडे, हम हैं राही प्यार के, बाजी, रंगीला, इश्क, गुलाम, दौलत की जंग, राख, दिल.

शब्दजाल - 7691 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore